**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार:**

==========================================================

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में 100 से अधिक कलाकारों को वर्ष 2024 और 2025 के लिए संगीत नाटक अकादमी की छात्रवृत्तियां और पुरस्कार प्रदान किए।

2. राष्ट्रपति ने लोक कलाओं का दस्तावेजीकरण और उन्हें जीवित रखने के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज मुरथल में दीन बंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय दक्षता विकास केंद्र का उद्घाटन किया, मेधावी छात्रों और शिक्षकों को उत्कृष्टता अवॉर्ड प्रदान किए।

3. पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ की सुखना झील पर हर घर तिरंगा पदयात्रा को झंडी दिखाई- युवाओं से राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का आह्वान किया।

4. हरियाणा के पानीपत, अम्बाला और करनाल सहित विभिन्न ज़िलों में तिरंगा यात्राएं निकाली गईं।

==========================================

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में 100 से अधिक कलाकारों को वर्ष 2024 और 2025 के लिए संगीत नाटक

अकादमी की छात्रवृत्तियां और पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार देश की प्रदर्शन कलाओं, संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक और जनजातीय कलाओं, कठपुतली नृत्य, पारंपरिक रंगमंच और अन्य संबंधित कला रूपों में योगदान के लिए दिए गए।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में आधुनिक भारत की प्रतिभा और समर्पण झलकता है।

उन्होंने कहा कि संगीत की अनेक प्रणालियां हैं, नृत्यों की कई शैलियां हैं और लोक रंगमंच के अनगिनत रूप हैं।

========================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत में मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय दक्षता विकास केंद्र का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र प्रदेश के युवाओं के कौशल, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है, इस दक्षता विकास केंद्र से सीखकर युवा सीधे उद्योगों तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र सर छोटूराम के भारत में परिश्रम करने वालों को सम्मान दिलाने के विचार का आधुनिक विस्तार है। सर छोटू राम जी का कृषि-विजन और आधुनिक तकनीक का यह संगम मुरथल से पूरे प्रदेश के लिए नई प्रेरणा बनेगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने बदलाव की बयार के साथ उद्योग और अकादमिक जगत के बीच विश्वास का सेतु बताया है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों और शिक्षकों को उत्कृष्टता अवॉर्ड भी प्रदान किए।

=============================

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ की सुखना झील पर 'हर घर तिरंगा' वॉकाथॉन का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से राष्ट्रध्वज का सम्मान करने, देशभक्ति की भावना बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की और उपस्थित लोगों को 'नशा मुक्त समाज' के निर्माण की शपथ दिलाई।

उन्होंने लोगों से अपने घरों व संस्थानों में तिरंगा फहराने और पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करने का आग्रह किया। पदयात्रा में चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, छात्र और कई स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों ने भागीदारी की।

====================================

पानीपत में आज शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की अगुवाई में एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भाजपा जिला कार्यालय से शुरू होकर जिला सचिवालय परिसर में शहीद स्मारक पर संपन्न हुई, जहाँ दोनों नेताओं और अन्य गणमान्य लोगों ने अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि तिरंगा यात्राओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हुए विकसित भारत के लिए काम करने को प्रेरित करना है।

==================================

अम्बाला में तिरंगा यात्रा अधोया गांव में शहीद उधम सिंह चौक से शुरू होकर बराड़ा, दोसड़का, मुलाना और साहा होते हुए तेपला स्थित शहीदी स्मारक पर समाप्त हुई। यात्रा में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुश्री रिचा पाहवा, पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान और नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक सहित कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रिचा पाहवा ने कहा कि शहीदों

के सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में निकाली जा रही ये यात्राएं पूरे भारत के देशभक्ति और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प का प्रमाण है।

=========================================

‘हर घर तिरंगा’ अभियान के तहत आज करनाल में एक भव्य साइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। सुबह 6:30 बजे एनडीआरआई चौक से शुरू हुई इस रैली को करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने झंडी दिखाई। रवाना किया । उन्होंने नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस पर पूरे गर्व के साथ अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस रैली में युवाओं और सामाजिक संगठनों ने भारी संख्या में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

===========================================

पलवल में आज 5 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने जिला पुलिस लाइन से किया, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से होती हुई नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में संपन्न हुई। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि 10 फीट चौड़े विशाल तिरंगे के साथ निकाली गई यह यात्रा राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश देती है।

===================================

डाक विभाग ने हर घर तिरंगा अभियान के लिए देश वासियों को डाक घरों से तिरंगा खरीदने की सुविधा दी है। इसके अलावा पोर्टल के माध्यम से हर घर तक तिरंगा पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। अंबाला के मुख्य डाकघर के प्रवर डाकपाल प्रभात गोयल ने बताया कि डाकघर में तिरंगा मात्र 25 रुपए की कीमत पर उपलब्ध है।

=========================================